an>

Title: Need to include 'Gangota' caste of Bihar in the list of Scheduled Tribes.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर) ः बिहार राज्य में गंगा के किनारे आदिवासियों की तरह आदम युग से जिंदगी जीने वाले गंगोता जाति को आज तक आरक्षण का सही दर्जा नहीं मिल पाया है। गंगोता जाति को पहले गंगापूत और बाद में गंगोत्री के नाम से जाना जाता था, जिसे अब गंगोता के नाम से जाना जाता है। इस जाति के लोग बिहार के आठ जिलों सहित भागलपुर जिले में सबसे ज्यादा हैं। गंगोता जाति के लोग आर्थिक तथा शैक्षणिक विकास की दृष्टि से काफी पिछड़े हुए हैं। इसके बावजूद भी अब तक इस जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल नहीं किए जाने से गंगोता जाति में भारी क्षोभ है।

अतः केंद्र सरकार से मेरी मांग है कि अनुसूचित जनजाति में शामिल कराने के लिए गंगोता जाति की इथनोग्राफिक रिपोर्ट बिहार सरकार से मंगवाकर अनुसूचित जनजाति के रूप में अधिसूचित की जाए।

-